>

Title: Need to build a bridge over sayi river and include it in Namani Gange Mission along with connecting Pratapgarh Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh with Ramayan circuit and starting of new railway train from Pratapgarh to Chitrakoot.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से अनुरोध करना चाहता हूं कि जनपद प्रतापगढ़ के मध्य भाग से होकर बहने वाली सई नदी एक जीवनदायिनी नदी है। उसे भारत सरकार की परियोजना नमामि गंगे में सम्मिलित भी कर लिया गया है।

मान्यवर, एक तरफ जहां सई नदी वरदान है, वहीं दूसरी तरफ सई नदी के तमाम किनारों पर बसे तमाम गाँवों के लोग विकास की किरणों से अभी भी अछूते हैं। उन्हें न तो कोई सुलभ मार्ग है, और ना ही जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की सुविधाएं हैं। कई दर्जन गांव ऐसे हैं जहां लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर सई नदी पार करना, नाव का सहारा लेना, या बीमार होने पर किसी तरह चारपाई आदि पर लादकर पगडंडियों के सहारे चिकित्सालयों में जाने के अलावा कोई चारा नहीं है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज, सदर व तहसील पट्टी होते हुए गुजरने वाली सई नदी के किनारों पर बाँध का निर्माण कराकर जल संचयन और सुलभ मार्ग भी उपलब्ध कराए जाए। बाँधों पर पर्यावरणीय दृष्टिकोण से बांस या अन्य जल संचयन करने वाले वृक्षों का रोपण कराए जाने की भी कृपा करें।

इसी के साथ ही मैं आपके माध्यम से नीति आयोग से मांग करता हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र श्री राम जन्मभूमि अयोध्या, पावन धाम चित्रकूट, तीर्थराज प्रयाग और तीनो लोकों से न्यारी मोक्षदायनी काशी के मध्य में स्थित क्षेत्र है, जहां से होकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपनी वन गमन की यात्रा की थी। श्री

राम वन गमन मार्ग के मध्य में स्थित मेरा संसदीय क्षेत्र भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना रामायण सर्किट के मध्य में आता है। जहां मां बेल्हा देवी के तट पर भगवान राम के ठहरने का जिक्र श्री रामचरितमानस में आता है। इसलिए, प्रतापगढ़ को रामायण सर्किट से जोड़ते हुए मां बेल्हा देवी पर सई नदी के किनारे चेक डैम व रिवर फ्रंट तथा श्री राम वन गमन मार्ग को विशेष सड़क मार्ग से जोड़ने के साथ साथ अयोध्या से प्रतापगढ़ होकर चित्रकूट जाने के लिए रेल गाड़ी चलाए जाने हेतु योजना नीति आयोग द्वारा बनाकर उसे कार्यान्वित कराने की मांग करता हूँ।